प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

### विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर 27 दिसम्बर 2022। विश्वविद्यालय में लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड जो कि भारत की एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जिसकी स्थापना 1938 में हुई है। यह कम्पनी विभिन्न देशों में प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी निर्माण और उत्पादन के क्षेत्र में व्यापारिक है। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में प्लेसमेंट के लिए ऑनलाइन मेल के आधार पर विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों क्रमशः अमन श्रीवास्तव एवं आशीष देवरानी, बीटेक इलेक्ट्रीक्ल तथा जयंत कुमार, बीटेक इक्नोमिक्स एवं कम्यूनिकेशन और मनीष कुमार, मेडिकल का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज रू. 6.25 लाख वित्तीय तथा अन्य सुविधाए प्रतिवर्ष देय होगी।

इस क्रम में मिडलैंड माइक्रोफिन लिमिटेड कम्पनी व्यवसाय की संपूर्ण प्रक्रियाओं का ख्याल रखता है और कम्पनी बडी मात्रा में खातों और लेनदेन को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से निकिता गुप्ता, एमबीए (एबीएम) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज रू. 6.00 लाख वित्तिय तथा अन्य सुविधाए प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. दीपा विनय ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।









